वी.यू. के प्रशासनिक भवन, अधारताल में विरोध प्रदर्शन, तोड़फोड़ एवं पुतला दहन की भर्त्सना एवं आक्रोश

जबलपुर। विगत दिवस 24.06.2019 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, अधारताल, जबलपुर में लगभग 15 से 20 अज्ञात व्यक्तियों ने वि. वि.परिसर में जबरदस्ती प्रवेश करते हुए शासकीय संपत्ति को क्षति (लगभग रू. 20,000/– से अधिक) पहुचांई एवं शासकीय कार्यो में बाधा उत्पन्न की व विरोधी नारे लगाए गए। दिनांक 25.06.19 को अपरान्ह 03.00 बजे से 03.45 के मध्य बिना किसी पूर्व सूचना के लगभग 8–10 अज्ञात व्यक्तियों ने विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के प्रांगण में विरोधी नारे व पुतला दहन किया। ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित कतिपय असंतुष्टों द्वारा प्रलोभन देकर ऐसे कृत्यों को अंजाम दिया है। दिनांक 26.06.2019 को थानाः अधारताल में इन हरकतों के विरूद्ध विश्वविद्यालय क डॉ. एस.के. जोशी, कुलसचिव के साथ प्रशासनिक अधिकारियों – डा. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता, संकाय, डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा सेवाएं व डॉ. ए.के. गौर,सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने प्राथमीकी दर्ज करायी। दिनांक 26.06.19 को अपरान्ह के बाद विश्वविद्यालय के डॉ. एस.के. जोशी, कुलसचिव के साथ प्रशासनिक अधिकारियों – डा. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता, संकाय, डॉ. यशपाल साहनी, संचालक अनुसंधान सेवांए, डॉ. राजेश शर्मा अधिष्ठाता, डॉ. मधु स्वामी, परीक्षा नियंत्रक एवं डॉ. आदित्य मिश्रा, अध्यक्ष – वूटा, का प्रतिनिधि मंडल कार्यालय पुलिस अधीक्षक में अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक से सौजन्य भेंट करते हुए, ज्ञापन सौंपा व अनुरोध किया कि शीघ्र अतिशीघ्र जॉच व कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण कराया जावे, जो कि माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में लंबित है।

इन आवंछित गतिविधियों पर वि.वि. प्रशासन, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा कडे शब्दों में निन्दा कि है तथा इन गतिविधियों से व्यथित एवं आक्रोशित हैं।

इस दौरान पुलिस प्रशासन (थानाः अधारताल) एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला– जबलपुर, का सहयोग, उपस्थिति व मार्गदर्शन सराहनीय रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर